




# एलपीजी की किल्लत , सिलेंडर लेकर भटक रहे लोग





नवभारत न्यूज

**कोठी 28 नवंबर, इन दोनों कोठी सहित कोठी के आसपास के क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत मची हुई है हालात ऐसे हैं कि पिछले एक महीने से अधिक समय से लोगों को गैस नहीं मिल पा रही है । कस्बे के साथ-साथ ग्रामीण अंचल के भी लोग काफी परेशान हैं ।**

लोगों ने बताया कि महीना गुजर रहे हैं कोठी में गैस की काफी समस्या है ज्यादा कड़ा ही किसी किसी को गैस प्राप्त हो पाती है उसमें भी बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लोगों ने बताया गैस एजेंसी में एक तो गैस नहीं दी जाती दूसरा पाइप के नाम से भी पैसा लिया जाता है और 1070 रुपए में गैस दी जा रही है साथ में एक गैस पाइप भी दिया जाता है कई लोगों ने बताया कि गैस एजेंसी जाने में बता दिया जाता है कि गैस ही नहीं है कब तक आएगी इसका भी कोई ठिकाना नहीं है जब कभी गैस आती भी है तो कब खत्म हो जाती है लोगों को पता ही नहीं चलता जिससे समस्या और अधिक बढ़ रही है लोगों ने कहा कि कभी-कभी तो घर में भोजन नहीं बन पाता है पहले आदमी लकड़ी और चूल्हा से भी खाना पका लेता था अब जब से उज्ज्वला योजना के साथ हर घर में गैस पहुंची है हालात और बिगड़ गई है लोगों की आदत भी चूल्हे में खाना बनाने की छूट गई है और ग्रामीण अंचल में तो लोग किसी प्रकार से अपना काम कर भी रहे हैं परंतु शहर और कस्बे में यह बड़ी परेशानी का कारण बनता जा रहा है साथ ही एक और बड़ी समस्या यह उत्पन्न हो रही है कि घरेलू सिलेंडर का उपयोग व्यापारियों के यहां अधिक मात्रा में हो रहे हैं जिससे कालाबाजारी भी बढ़ गई है लोग सिलेंडर का स्टॉक कर मनमानी डैम में जरूरतमंद लोगों को देते हैं लोग इस समय गैस की समस्या से काफी दुखी हैं कोठी निवासी बबलू तिवारी वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद पति संजू त्रिपाठी वार्ड क्रमांक 2 के निवासी कीर्ति प्रसाद गर्ग सहित कई ग्रामीण अंचलों के लोगों ने बताया कि इस समय गैस का बहुत रोना है कई प्रकार की समस्याएं हैं एक तो गैस मिलती नहीं दूसरा यदि मिल भी रही है कभी-कभी तो पाइप के साथ लो जिससे पाइप का भी लगभग 200 देना पड़ रहा है जिससे अनायास ही उपभोक्ता लुट रहा है,,, जब इस भीषण समस्या पर हमने गैस एजेंसी के संचालक पंकज सिंह से बात की तब उन्होंने कहा कि यह समस्या ऊपर से ही चल रही है साथ में पाइप भी ऊपर से ही भिजवाए जा रहे है जो तय कीमत पर दिया जा रहा है.

यह सुरक्षा की दृष्टि से किया जा रहा है घरेलू सिलेंडरों में उपयोग होने वाले पाइप पुराने हो जाते हैं जिससे गैस रिसाव का खतरा बना रहता है दुर्घटना से बचने व उपभोक्ताओं की सुरक्षा की दृष्टि से विभाग द्वारा ही निर्णय लिया गया है जिससे यह सभी उपभोक्ताओं को दिए जा रहे हैं गैस की कमी इस समय जरूर चल रही है उसको भी समय से पूरा कराई जाने का प्रयास चालू है जल्द यह समस्या खत्म हो जाएगी। कोठी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम की रंजना गैस एजेंसी मौजूद है जिसमें हजारों उपभोक्ता कनेक्शन धारी है।

# ग्राम नादो में भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोप मजदूरों के खातों से हो रही लीपापोती

नवभारत न्यूज

**रामनगर 28 नवंबर, ग्राम पंचायत नादो में विकास कार्यों के नाम पर चल रहा कथित भ्रष्टाचार अब खुलकर सामने आने लगा है।**

ग्रामीणों का आरोप है कि वास्तविक मजदूर, जो दिनभर मेहनत मजदूरी करते हैं, उनके खातों में मजदूरी की राशि नहीं डाली जाती। इसके विपरीत, जिन लोगों ने कभी काम तक नहीं किया, उनके नाम पर भुगतान दिखाकर सरपंच-सचिव द्वारा राशि हड़प ली जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बिना जानकारी के लोगों के आधार कार्ड और बैंक खाते की कॉपी ले ली जाती है। बाद में कहा जाता है कि आपके खाते में पैसा डाल दिया है। यह तरीका पिछले कई महीनों से पंचायत में कथित रूप से चलता आ रहा है। आरोप यह भी है कि कुछ ऐसे लोगों के खातों में लाखों की मजदूरी दर्ज है, जिन्होंने कभी एक दिन भी काम नहीं किया। इससे ग्रामीणों में भारी रोष है कि आखिर कब तक गरीब मजदूरों का हक यूं ही छीना जाता रहेगा? कब तक धुंधले रिकॉर्ड के सहारे भ्रष्टाचार चलता रहेगा?

ग्रामीणों ने मांग की है कि उच्च अधिकारी तुरंत इस मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करें, ताकि गरीब मजदूरों को उनका हक मिल सके और पंचायत में पारदर्शिता स्थापित हो।



# मुस्कान अभियान : महिला अपराध के प्रति बालिकाओं को किया गया जागरुक

नवभारत न्यूज

**कोटर 28 नवंबर, सी.एम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटर व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अबेर में हेडक्वार्टर डी. एस. पी डा.मनोज दीक्षित के द्वारा आपरेशन मुस्कान अभियान अंतर्गत कक्षा 8, 9,10,11,12 में अध्यनरत बालिकाओं को अपराधों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।**

उप पुलिस अधीक्षक ने बालिकाओ से कहा कि आपके साथ अगर किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना और छेड़-छाड़. छीटाकसी.या कोई असमाजिक तत्व आपका पीछा या कोई घटना कारित करता है। तो आप लोग तत्काल थाना प्रभारी कोटर के मोबाइल नंबर पर सूचना दे तत्काल आप लोगो की मदद की और आरोपी के खिलाफ त्वरित कठोर कार्यवाही की जाएगी। आप सभी बालक बालिकाएं मोबाइल फोन से दूर रहें। किसी भी प्रकार की रील.इस्ट्राग्राम से बचें। किसी से मोबाइल फोन न. लें और अपना मोबाइल नंबर न. दें। अपनी पढ़ाई पर फोकस करें। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सी.एम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटर के प्रभारी प्राचार्य, थाना प्रभारी कोटर उप निरीक्षक दिलीप मिश्रा व अध्यापिका सुषमा सिंह. संतोष सिंह. अर्पणा सिंह. दुर्गा सिंह. अभय राज रावत. सहायक उप निरीक्षक नरेशसिंह. समाजसेवी पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी.आरक्षक चंदन दुबे एवं सी.एम राइज स्कूल कोटर. व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अबेर विद्यालय के सभी शिक्षक. शिक्षिकाए तथा विद्यालय मे अध्यनरत सभी छात्राएं उपस्थित रही।

# कोठी सीएससी पहुंची डिजिटल एक्सरे मशीन ,जल्द शुरू होगी सुविधा

नवभारत न्यूज


**कोठी 28 नवंबर,आखिरकार गुरुवार शाम को सभी अड़चन को समाप्त करते हुए डिजिटल एक्सरे मशीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएससी ) कोठी पहुंच चुकी है और अब जल्द ही सभी प्रक्रिया पूर्ण कर यह सुविधा प्रदान की जाएगी.**

विभाग द्वारा टेक्नीशियन बुलाया जा रहा है जो जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचकर मशीन की प्रक्रियाओं को पूर्ण कर ओके रिपोर्ट देगा इसके तुरंत बाद ओपनिंग की जाएगी । स्वास्थ्य विभाग के मुखिया सीएमएचओ डॉक्टर एल के तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अब डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू होने में कोई अड़चन नहीं है सभी समस्याएं समाप्त है जो भी बचा हुआ कुछ कार्य शेष है वह चल रहा है और डिजिटल एक्सरे मशीन की ओपनिंग की तैयारी की जा रही है जल्द ही क्षेत्र वासियों को यह सुविधा प्राप्त होगी दिसंबर के प्रथम सप्ताह में ही यह सुविधा शुरू हो जायेगी है।इसके लिए हमारा समाचार पत्र स्टार समाचार अभियान चलाकर कार्य कर




रहा है और क्षेत्र वासियों को डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू कराये जाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। हमारे संवाददाता द्वारा क्षेत्र की मूलभूत बुनियादी अत्यंत आवश्यक जरूरत होने की वजह से प्रमुखता के साथ डिजिटल एक्सरे मशीन संबंधी विषय को संज्ञान लिया गया और लगातार क्षेत्र वासियों की आवाज बना जिसकी बदौलत आज इस मुकाम तक पहुंचा जा सका है और जल्द ही इसे पूर्ण करवाने के लिए प्रयासरत है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 दिसंबर को विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाकर कंप्लीट कर दिया गया था और विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई थी जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी द्वारा लगातार कार्य कर संपूर्ण प्रक्रियाएं एक्स-रे मशीन मंगवाने के लिए की गई और डिजिटल एक्सरे कच्छ का वीडियो विभाग द्वारा बनवाकर भिजवाया गया था इसके बाद शुक्रवार शाम को कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्सरे मशीन पहुंच गई और अब उसे शुरू कराए जाने के लिए कार्य किया जा रहा है विभाग द्वारा टेक्नीशियन बुलाया गया है जो जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचकर मशीन की जांच कर सभी प्रक्रिया कंप्लीट कर ओके रिपोर्ट देगा इसके बाद डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू हो जाएगी जिसमें अधिकतम एक सप्ताह का समय लग सकता है फिर भी दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू कराये जाने का प्रयास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी कर रहा है।

# मैहर एसपी ने ली पुलिस जवानों की जनरल परेड



नवभारत न्यूज

**मैहर 28 नवंबर, पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने व पुलिस जवानों की चुस्ती और स्फूर्ति को बरकरार रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह द्वारा आज पुलिस लाईन में पुलिस जवानों की जनरल परेड ली गई।**

परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अच्छे टर्न आउट वाले अधिकारी/कर्मचारियों को पुरस्कृत करने हेतु कहा। परेड का संचालन सूबेदार नृपेंद्र सिंह द्वारा किया गया। परेड में नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह ,पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन , थाना यातायात व विभिन्न थाना/चौकी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परशुराम कल्याण बोर्ड के तहसील प्रभारी बनाए गए

**नागौद 28 नवंबर,** परशुराम



कल्याण बोर्ड के तहसील प्रभारी रमाशंकर शुक्ल और सोमनाथ गौतम बनाए गए यह नियुक्ति बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु राजोरिया ने किया है। इस नियुक्ति पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# बद इंतजामी का शिकार है जसो रोड मुक्तिधाम

▸ संस्कार में शामिल होते समय लोग बड़ी-बड़ी स्कीमें बनाते हैं , तरह-तरह की सुविधाओ की चर्चा करते हैं, वापस होते ही सब भूल जाते हैं

नवभारत न्यूज

**नागौद 28 नवंबर, जसो रोड स्थित मुक्तिधाम जहां नगर के अधिकांश समुदायों के लोगों के संस्कार होते हैं, वह स्थल भारी अव्यवस्थाओं का शिकार है।**

पूरे परिसर में आवारा जानवर घुसे रहते हैं जो एक तरफ पूरे पेड़-पौधों को चौपट कर देते हैं वहीं दूसरी तरफ संस्कार स्थल को बहुत गंदा कर देते हैं। कई बार तो जानवर वहां मरे हालत में पड़े रहे कोई उठाने तक नहीं गया। स्मरणीय है कि जब लोग किसी के संस्कार में शामिल होते हैं तो बड़ी-बड़ी बातें करते है कि यह हो जाय वह करवा दिया जाए, लेकिन जैसे ही वहां से वापस हुए फिर कोई चिंता नहीं करता।

फकीर टोली के लोग हमेशा यहां श्रमदान करते हैं तथा कई बार इस अव्यवस्था के संबंध में चर्चाएं की है लेकिन हालात ज्यो के त्यो हैं* लोग तो पानी की टंकी भी उठा ले गए, राख-फूल सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए दराजों की खिड़कियां तोड़ ले गए, मेन गेट की शाकर-कुंडी तोड़ ले गए, क्या-क्या अव्यवस्था है कहां नहीं जा सकता है। आज जरूरत है कि इस मुक्तिधाम को पूरी तरह से व्यवस्थित किया जावे, जिसमें जरूरत के अनुसार सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध हों।

## फकीर टोली बनाएगी वास्तुशास्त्र के अनुसार संस्कार स्थल

फकीर टोली के लोगों ने आज मुक्तिधाम में संस्कार स्थल का निरीक्षण किया तथा यह पाया कि जो संस्कार स्थल बना हुआ है कई बार उसमें दिशाओं को लेकर के तरह-तरह की बातें होती है, ऐसी स्थिति में एक स्थान जो वास्तुशास्त्र के हिसाब से व्यवस्थित हो जनसहयोग से बनाने का प्रयास प्रारंभ किया जावेगा।

# शबनम बानो का निधन

**कोठी 28 नवंबर,** नगर परिषद कोठी की पूर्व उपाध्यक्ष, वार्ड



पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम की पत्नी शबनम बानो अब इस दुनिया में नहीं रहीं। अचानक हृदय गति रुकने से उनका इंतकाल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शबनम मानो अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गई थी इसी दौरान शनिवार शाम को अचानक हृदय गति रुक जाने से इस दुनिया को अलविदा कह दिया रविवार दोपहर 2 बजे ग्रह ग्राम में उन्हें सुपुर्द खाक किया जाएगा । उनके अचानक निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है उमेश सिंह पप्पू, सहेंद्र सिंह, राकेश सिंह बबलू ,बृजेश गर्ग सोनू ,सहित सैकड़ो में अत्यंत दुख व्यक्त किया है.

# अयोध्या सिंह के निधन पर दी श्रद्धांजलि

नवभारत-न्यूज

**कोटर 28 नवंबर, विगत दिनों अयोध्या सिंह का लगभग नब्बे वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया। वे सांसद गणेश सिंह के ससुर ।**

डॉ रमेश मिश्रा ने बताया कि अयोध्या सिंह मेरे शिक्षक रहे हैं तथा पोस्ट ऑफिस का भी कार्य करते थे उनका पढ़ाना उत्तम था साधारण स्वभाव के थे उनके पूज्य पिता जी के नाम से बस रुकने का स्थान था बाद में इन्हीं के नाम से यात्री टिकरी अकौना मैनपुरा के यात्री बसों से उतरते थे पहले उन्हीं की अहरी थी बाद में बहुत लोग घर बना कर रहने लगे। उनके निधन



पर ज्वाला प्रसाद मिश्रा ,दिनेश मिश्रा ,यज्ञ नारायण मिश्रा ,डॉ रमेश मिश्रा ,मंडल उपाध्यक्ष साधना मिश्रा ,समाज सेवी के सी शुक्ला ,रामशरण सिंह, नगर परिषद के सभापति राजेंद्र गौतम बबलू, राज बहादुर सिंह , कमलेश मिश्रा ,गंगा प्रसाद मिश्रा, रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी, बांके लाल त्रिपाठी, सुशील त्रिपाठी, नरेन्द्र पांडेय सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लोकतंत्र सेनानी रमाकांत भट्ट का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 28 नवंबर, लोकतंत्र सेनानी ( मीसाबंदी ) रमाकांत भट्ट का 77 वर्ष की उम्र में दिनांक 27/11/25 को सुबह पांच बजे गृह ग्राम में रामपुर बाघेलान हो गया।**

विधायक विक्रम सिंह ,पूर्व विधायक प्रभाकर सिहं ,रोहित कान्त सिंह, विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी के साथ अनुविभागीय अधिकारी बी के मिश्रा, तहसीलदार सुजीत नागेश ,मुख्य नगर पालिका



अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, उपमंत्री विश्वजीत कुशवाहा, आर आई विजय वर्मा, पटवारी ओमनारायण गौतम द्वारा शोकाकुल परिवार को शासन से प्रदान सहयोग राशि प्रदान कर थाना प्रभारी स्टाफ के साथ मुक्तिधाम पहुंचकर राजकीय सम्मान के साथ पुष्प चक्र अर्पित नमन किया ।तदुपरांत अंतिम संस्कार किया गया। श्रद्धांजली देने वालों मे विष्णु धर भट्ट ,दिलीप सोनी, ए के एस युनिवर्सिटी के एग्रीकल्चर डीन प्रोफेसर अशोक कुमार भौमिक ,डायरेक्टर रिसर्च विभागाध्यक्ष डा नीरज वर्मा ने अपने स्टाफ के साथ तथा ब्रम्ह विकास त्रिपाठी ,दीपक सिंह , पुष्पेन्द गुप्ता ,ज्ञान चन्द्र त्रिपाठी ,वेदप्रकाश त्रिपाठी , सुरेन्द्र चौरसिया ,विजय शर्मा, रमेश शर्मा ,विनोद भट्ट राजेन्द शर्मा, नीतेश गौतम, रजनीश शर्मा, मुकेश त्रिपाठी ,गिरीश शर्मा, कमलेश शर्मा आदि सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर ईश्वर से शोकाकुल परिवार को सम्बल दिये जाने की प्रार्थना की।

# कोठी पहुंचे चेंबर अध्यक्ष, विंध्य व्यापार मेले के लिए किया आमंत्रित



नवभारत न्यूज

**कोठी 28 नवंबर, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में आगामी 19 दिसंबर से लेकर 29 दिसंबर तक व्यापार मेले का आयोजन किया जाना है जिसकी तैयारियां चैंबर की टीम द्वारा की जा रही है.**

इसी तारतम्य में चेंबर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा अपने मंत्री हरिओम गुप्ता के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर सभी व्यापारियों को आयोजन में आमंत्रित कर रहे हैं आज कोठी पहुंचकर कोठी व्यापारी संघ के साथ बैठक कर व्यापार मेले के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की और सभी को व्यापार मेले में आने के लिए आमंत्रित किया चर्चा के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि व्यापार मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जो तरह-तरह के आयोजन होंगे। इसमें सभी से सहयोग की अपेक्षा चैंबर करता है इस दौरान व्यापारी संघ कोठी के अध्यक्ष राम जी गुप्ता पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह पप्पू सचिव राजेश गुप्ता मनिंदर सिंह जीतू सुनील गुप्ता मलदाऊ ताम्रकार कमलेश गुप्ता नितेश सिंह कृष्ण भान सिंह बृजेश गर्ग सोनू सहित अन्य व्यापारी बंधु मौजूद रहे।




# पीएम श्री शा .हाई स्कूल की टीम सांसद खेल महोत्सव में पुरस्कृत

नवभारत न्यूज

**नागौद 2 सांसद खेल महोत्सव 2025 में पी.एम.श्री. शासकीय हाई स्कूल नागौद के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।**

खेल प्रशिक्षक रश्मि सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के छात्रों की क्रिकेट टीम ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य ए.पी.सिंह एवं शिक्षक शिक्षिकाओ ने छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# सब जेल नागौद में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**नागौद 28 नवंबर, आज़ सब जेल नागौद में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया ।**

शिविर में मोहम्मद जिलानी जिला विधिक सहायता अधिकारी सतना, आर एन त्रिपाठी, वरिष्ट अधिवक्ता. एवं पत्रकार मुख्तार अहमद सिद्दीकी द्वारा बंदियों को विधिक संबंधी जानकारी प्रदाय की गई तथा कोई दंडित बंदी को दी गई सजा से ज्यादा समय तक जेल



में बंद तो नहीं है की जानकारी प्राप्त की गई। अन्य कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। अंत मे कमलेश राय सहायक जेल अधीक्षक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# नि : शुल्क नेत्र और स्वास्थ्य शिविर कल

नवभारत न्यूज

**सतना 28 नवंबर,सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकूंड एवं बद्रीश सेवा संस्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में जैतवारा के वार्ड नं 3 चिल्ला मशान बाबा पानी की टंकी वार्ड नं 3 के प्राथमिक शाला स्कूल में वरिष्ठ समाज सेवी सुभाष शर्मा डोली के मुख्यातिथि में स्वास्थ्य एवं विशाल नेत्र शिविर का आयोजन दिनांक 30/11/2025 रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।**

शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकूंड के नेत्र चिकित्सक एवं स्वास्थ्य जांच के लिए डॉ. धनंजय प्रताप सिंह और डॉ. प्रांशु सिंह चौहान अपनी सेवाएं देंगे ।

जिन लोगों को नेत्र और स्वास्थ्य जांच करवाना हो 30/11/2025 रविवार को सुबह 9 बजे से 2 बजे तक पहुंच कर स्वास्थ्य एवं आंखों की जांच करवा सकते है। शिविर में निशुल्क परामर्श, जांच एवं दवाइयां दी जाएगी। नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद या अन्य नेत्र समस्या वाले मरीजों को विशेष वाहन से जानकीकूंड चिकित्सालय ले जाकर मोतिया बिन्द ऑपरेशन एवं अन्य नेत्र जांच करवाकर पुन:जैतवारा छो?ा जाएगा। नेत्र रोगियों को आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड लाना आवश्यक है।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रार्थना सभा में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा का हुआ सम्मान

## विद्यार्थियों ने भावनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रो भरत मिश्रा की सकारात्मक कार्यशैली की प्रशंसा की

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 28 नवंबर ।आज प्रार्थना सभा में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा का सम्मान विद्यार्थियों और स्टाफ ने किया।आज का दिन एक विशेष संयोग से जुड़ा, जब कुलगुरु के रूप में अपने अंतिम कार्य दिवस पर प्रो भरत मिश्रा ने मूल्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम के अंतर्गत अंगीकार मासिक प्रार्थना सभा की अध्यक्षता की।**

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए संकल्प लेना चाहिये। इस मौके पर प्रो मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय की उपलब्धियों यथा ~ए डबल






प्लस, यूजीसी द्वारा कटेगरी फर्स्ट की स्वायत्तता, 5 नए पाठ्यक्रमों के साथ दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के संचालन की पुन: मान्यता, विद्यार्थियों की प्रवेश संख्या, ऑन लाइन सेवा विस्तार, जल संरक्षण संरचना निर्माण, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर, ग्रीन क्लीन कैंपस, ग्राम दर्शन प्रकल्प, समय पर प्रवेश, पढ़ाई,परीक्षा, मूल्यांकन और परिणाम की गुणवत्ता पूर्ण कार्यशैली का श्रेय ग्रामोदय स्टाफ के कौशल और लगन को दिया। उल्लेखनीय है कि कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा कुलगुरु के रूप में अपनी नियुक्ति पाने के बाद से नियमित मासिक प्रार्थना सभा कराने का संकल्प लिया था। पूरे चार साल तक बगैर किसी व्यवधान के प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को प्रार्थना सभा संपन्न होती रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रो. भरत मिश्रा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चल रही अध्ययन अध्यापन की गुणवत्तापूर्ण शैली की प्रशंसा की विद्यार्थियों ने अपनी भावाभिव्यक्ति में कहा कि भी व्यक्ति ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है,जो न केवल आध्यात्मिक अनुशासन का प्रतीक है बल्कि हमारे चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और भारतीय सांस्कृतिक विरासत से गहरा जुड़ाव भी स्थापित करती है। इसके लिए कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा बधाई के पात्र हैं। विद्यार्थियों ने कुलगुरु के व्यक्तित्व को लेकर कहा कि जिनकी एक आवाज से हम सब विद्यार्थियों का हौसला दुगना हो जाता है, जिनकी बस एक मुस्कान से पूरा विश्वविद्यालय खेल खिला उठता है। जिनकी सोच से रोशन है ग्रामोदय का हर कोना ।हमारे कुलगुरु के नेतृत्व में तो पत्थर भी पारस बन जाता है। आज की प्रार्थना सभा हमारे लिए केवल नियमित दिनचर्या नहीं बल्कि एक भावनात्मक अवसर है। हमारा ग्रामीण परिवेश, हमारी संस्कृति, हमारी धरती की सुगंध आदि को ग्रामोदय परिसर ने हमेशा सजो कर रखा है और कुलगुरु के शांत स्वभाव से विश्वविद्यालय ने अनेक ऊंचाइयां स्पर्श की है। ग्रामीण विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना सभा कार्यक्रम का प्रारंभ विद्या दायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण,दीपप्रज्वलन, ? के सामूहिक को उच्चारण, सरस्वती वंदना एवं कुल गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम श्रृंखला में सुमित पांडे ने भगवत गीता के श्लोक का वाचन भावार्थ के साथ किय।